

**हरमनप्रीत ने बनाया भारतीय रेकॉर्ड**

इस अहम मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 36 रन से हराकर टूर्नमेंट से बाहर कर दिया और फाइनल में अपनी जगह बनाई। भारत की इस जीत में सबसे बड़ी भूमिका हरमनप्रीत कौर की रही, जिन्होंने 115 गेंदों पर 171 रनों की नाबाद पारी खेली।

## हरमनप्रीत कौर ने खेली थी 171 रन की विस्फोटक पारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुबंई। महिला वर्ल्ड कप 2017 में टीम इंडिया उपविजेता रही थी। इस टूर्नमेंट के खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम खिताब के करीब पहुंचकर मैच इंग्लैंड से मैच हार गई थी। क्रिकेट फैन्स को यह हार आज भी मायूस कर जाती है। लेकिन भारत के पास इस वर्ल्ड कप से जुड़ी एक बेहद खूबसूरत याद भी है। वह है हरमनप्रीत कौर की 171 रन की विस्फोटक पारी।

आज से तीन साल पहले टीम इंडिया का वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में खिताब की दावेदार ऑस्ट्रेलिया से यह मुकाबला था। इस मैच को बारिश के कारण 42 ओवर का किया गया था। भारत ने अपनी दोनों ओपनर्स के विकेट मात्र 35 रन पर ही गंवा दिए थे। इसके बाद हरमन ने इस मैच में जो पारी खेली वह इतिहास बन गई।

हरमनप्रीत की यह पारी महिला वर्ल्ड कप के नॉकआउट मैच की सबसे बड़ी पारी है। उनकी पारी के दम पर भारत ने 42 ओवरों के मैच में 4 विकेट पर 281 रनों का स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 245 रन आउट हो गई।

# टी20 वर्ल्ड कप पर टिका आईपीएल का भविष्य

## आईसीसी की ऑनलाइन मीटिंग में हो सकता है फैसला

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के बोर्ड की आज होने वाली ऑनलाइन मीटिंग बहुत ही अहम होगी। इसमें इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के भविष्य को लेकर निर्णायक दौर की चर्चा होगी। बीसीसीआई को उम्मीद है कि इसे स्थगित किया जाएगा जिससे कि आईपीएल का आयोजन हो सके। टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन ऑस्ट्रेलिया में 18 अक्टूबर से 15 नवंबर तक होना है। लेकिन देश के क्रिकेट बोर्ड ने विक्टोरिया राज्य में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए मई में ही इस टूर्नमेंट की मेजबानी में असमर्थता जाहिर की थी।

**सरकार की मंजूरी जरूरीः** भारत में भी कोरोना वायरस के मामलों में काफी इजाफा हुआ है अगर ऐसे में आईपीएल का आयोजन होता है तो केंद्र सरकार से स्वीकृति मिलने पर इसका आयोजन यूएई में कराया जा सकता है। बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल के एक सदस्य ने बताया, 'पहला कदम एशिया कप को स्थगित करना था जो हो गया। वर्ल्ड कप पर फैसले के बाद ही हम अपनी योजना पर आगे बढ़ सकते हैं।'



**सीए की भी दिलचस्पी नहींः** इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के ऑस्ट्रेलिया में 2022 में आयोजित किए जाने की संभावना है क्योंकि फिलहाल भारत 2021 टूर्नमेंट की मेजबानी के अपने अधिकार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ नहीं बदलना चाहता। ऑस्ट्रेलिया इस प्रतिष्ठित टूर्नमेंट की मेजबानी नहीं करेगा यह उस समय स्पष्ट हो गया था जब क्रिकेट बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों को सितंबर के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज की तैयारी करने को कहा था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उस दौरे के लिए 26 सदस्यीय शुरुआती टीम घोषित भी कर दी है।

**इंतजार करना नियमों का हिस्सा** आईसीसी ने हालांकि कहा है कि वह इतना बड़ा फैसला करने से पहले सभी संभावित 'आपात' विकल्पों पर विचार करना चाहता है और संचालन संस्था का इतने लंबे समय तक इंतजार करना असामान्य नहीं है। एक सूत्र ने बताया, 'पाकिस्तान को 2009 में चौंपियंस ट्रोफी की मेजबानी करनी थी। श्रीलंका टीम बस पर आतंकी हमले के बाद सभी को पता था कि पाकिस्तान भविष्य में बड़ी प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं कर पाएगा। इसके बावजूद आईसीसी ने अपने कर्मचारियों को महीनों तक पाकिस्तान में रखा जबकि साउथ अफ्रीका पहले ही टूर्नमेंट की मेजबानी की तैयारी कर रहा था। वेन्यू बदलने की औपचारिक घोषणा में महीनों लग गए क्योंकि खतरे का आकलन करना नियमों का हिस्सा है।'

# विनोद कांबली को याद आया कराची वाला फैन

### बोले– वर्षों लिखा खत, राशिद लतीफ थे डाकिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान क्रिकेट में भले ही एक–दूसरे के कड़े प्रतिद्वंद्वी हैं, लेकिन दोनों टीमों खिलाड़ियों के चाहने वाले दोनों देशों में हैं। भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली ने इस बारे में खुलासा किया है कि किस तरह उन्हें पाकिस्तान खेलने जाने पर सम्मान मिलता था और एक फैन तो उन्हें सालोसाल पत्र भेजता रहा। उन्होंने एक लाइव चैट में बताया, जब हम पाकिस्तान गए तो हमारे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया गया। मेरा एक प्रशंसक है, जो 1991 में किए गए मेरे करियर की शुरुआत से ही मुझे फॉलो कर रहा है। वह कराची से था। पूर्व क्रिकेटर भारतीय क्रिकेटर ने कहा, वह मुझे पत्र भेजते थे, क्योंकि उस समय जब मोबाइल नहीं थे, कोई फोन नहीं था। इसलिए वह पत्रों के माध्यम से खुद को व्यक्त करते थे। कांबली ने राशिद लतीफ को पत्रवाहक बताते हुए कहा, आप विश्वास नहीं करेंगे कि पाकिस्तानी क्रिकेटर राशिद लतीफ उन पत्रों को मुझ तक पहुंचाते थे।

महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर के करीबी मित्रों में से एक कांबली ने बताया– वह (प्रशंसक) राशिद लतीफ के पास जाता था और अपने सभी पत्र उन्हें दे देता। जब राशिद वे यहां आते तो मैं उन्हें ले लेता था।



उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में उनके फैन की मौत नहीं हुई है। उन्होंने कहा, श्जब मैं खेल रहा था तब भी और जब मैंने संन्यास ले लिया तब भी पाकिस्तान में मेरी फैन फॉलोइंग है।

उल्लेखनीय है कि कांबली ने भारत के लिए 17 टेस्ट खेले। इस दौरान 54.20 की औसत से 1,084 रन बनाए, जबकि वनडे में उन्होंने 34 से अधिक की औसत से 2,477 रन बनाए।

## हैपी बर्थडे देबासिस मोहंती, अनूठे बोलिंग ऐक्शन की वजह से रहे चर्चित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में देबासिस मोहंती का क्रिकेट करियर बहुत लंबा तो नहीं रहा लेकिन उनके अनूठे बोलिंग ऐक्शन की वजह से वह हमेशा चर्चा में रहे। दाएं हाथ की इस मीडिम पेस बोलर का आज (20 जुलाई) को बर्थडे है। जानते हैं मोहंती के करियर की कुछ यादगार बातें।

सोमवार को अपना 44 वां बर्थडे मना रहे मोहंती ने साल 1997 में श्रीलंका के खिलाफ 21 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट से अपने इंटरनैशनल करियर का आगाज किया था। इसके बाद उन्हें जल्दी ही वनडे टीम में भी जगह मिल गई। उन्होंने टोरंटो में पाकिस्तान के खिलाफ अपने वनडे करियर का आगाज किया। मोहंती का पहला टेस्ट विकेट सनथ जयसूर्या थे तो वनडे में उन्होंने अपना पहला शिकार सईद अनवर को बनाया। मोहंती के करियर की सबसे यादगार घटना यही है कि जब इंग्लैंड में 1999 में वर्ल्ड कप खेला गया। तो इस टूर्नमेंट के लिए आयोजकों ने जो लोगो तैयार किया। उस पर मोहंती का बोलिंग ऐक्शन को जगह दी गई।

## न्यूज डायरी



### इंग्लैंड–ऑस्ट्रेलिया की प्रस्तावित सीरीज 4 सितंबर से संभवः रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की प्रस्तावित सीमित ओवरों की सीरीज 4 सितंबर से शुरू हो सकती है। इस सीरीज में तीन वनडे और तीन टी–20 मैच खेले जाएंगे। डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड में 4, 6 और 8 सितंबर को तीन टी–20 मैच खेलेगी। वहीं 10, 12 और 15 सितंबर को वनडे मैच खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया टीम के प्राइवेट विमान से ग्रेट ब्रिटेन जाने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक यह सभी छह मैच साउथैम्पटन के एजेस बाउल और मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रेफर्ड मैदान पर खेले जाएंगे। इन दोनों स्टेडियमों में होटल भी हैं, जहां दोनों टीमों के ठहरने की व्यवस्था आसानी से की जा सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्रेट ब्रिटेन की सरकार ऑस्ट्रेलियाई टीम से 14 दिन क्वारंटीन रहने की बात नहीं कहेगी जो उसने वेस्टइंडीज से कहा था और पाकिस्तान से भी कहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही इस दौरे के लिए अपनी 26 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है।

### आबिद अली के सिर पर लगी चोट गंभीर नहीं, बुधवार से शुरू करेंगे प्रैक्टिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** डर्बी। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज आबिद अली के सिर पर लगी चोट गंभीर नहीं है। वह बुधवार से अभ्यास पर लौट आएंगे। अली यहां पाकिस्तानी टीम के बीच आपस में चल रहे अभ्यास क्रिकेट मैच के तीसरे दिन रविवार को फॉरवर्ड शार्ट लेग पर फील्डिंग करते समय हेलमेट पर गेंद लगने से चोटिल हो गए थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बयान के अनुसार आबिद में हल्की बेहोशी छाने जैसे कोई लक्षण नहीं हैं लेकिन उनका ऐहतियात के तौर पर सीटी स्कैन करवाया गया, जिससे साफ हो गया कि उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं है।

पाकिस्तान के टीम चिकित्सक डा. सोहेल सलीम ने कहा कि आबिद बुधवार से अभ्यास में वापसी करेंगे लेकिन वह चार दिवसीय अभ्यास मैच में आगे नहीं खेलेंगे। उन्होंने कहा, आबिद पूरी तरह से फिट हैं और मंगलवार के विश्राम के दिन बाद बुधवार को अभ्यास पर लौटेंगे।

### पूर्व खिलाड़ी हमेशा इंतजार नहीं कर सकतेरू आईसीए अध्यक्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर्स संघ (प्ब्।) के अध्यक्ष अशोक मल्होत्रा ने सोमवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड से संस्था की लंबे समय से की जा रही मांगों पर ध्यान देने का आग्रह किया है।

मल्होत्रा ने कहा कि उम्रदराज पूर्व खिलाड़ी हमेशा के लिए इंतजार नहीं कर सकते हैं। मल्होत्रा पर आईसीए निदेशकों ने आरोप लगाया था कि वह उनसे सलाह मशविरा किए बिना सार्वजनिक बयान देते हैं और खिलाड़ियों की संस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर बीसीसीआई से बात करते हैं। आईसीए ने जो मांगे बीसीसीआई के सामने रखी हैं उनमें 25 से कम प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले पूर्व खिलाड़ियों के लिए पेंशन, पूर्व क्रिकेटरों की विधवाओं के लिए पेंशन, चिकित्सा बीमा 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करना तथा मनोज प्रभाकर को हितकारी निधि का पैसा सौंपना शामिल है।

### कोरोना से रिकवर होने के बाद ट्रेनिंग पर लौटे नोवाक जोकोविर्च

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेलग्रेड। कोरोना वायरस से ठीक होने के बाद वर्ल्ड नंबर–1 सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच फिर से ट्रेनिंग पर लौट आए हैं। बेलग्रेड में नोवाक टेनिस सेंटर के मुख्य कोच बोरिस बोस्जाकोविच ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें सर्बियाई खिलाड़ी हमवतन फिलिप क्राजिनोविच के साथ ट्रेनिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। 17 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच उन कई खिलाड़ियों में से एक थे, जिन्होंने एड्रिया टूर में खेला था और कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। इसी दौरान उन्होंने एक नाइट क्लब में पार्टी भी की थी। इसके बाद जोकोविच, उनकी पत्नी और तीन अन्य खिलाड़ियों का कोरोना टेस्ट पॉजिटिव आया था। उन्होंने इस टूर्नमेंट को सर्बिया और क्रोएशिया में आयोजित कराने में मदद करने की जिम्मेदारी ली थी। जोकोविच को बाद में आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था।